जरूरतमंदों को मिलेगी एंबुलेंस की सुविधा

कोरबा (नईदुनिया न्यूज) सेवा भारती जिले के समाज हित में सेवा कार्य के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में ग्रामीण व स्लम क्षेत्रों को घर में समीप स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके इस उद्देश्य से क्विक हिल फाउंडेशन पूणे द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट एंबुलेंस दिया गया है, यह अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इस एंबुलेंस बस में ब्लड, यूरेन सहित विभिन्न जांच से लेकर आक्सीजन सिलेंडर तक की सुविधाएं है। इस प्रकार जरूरतमंद लोगों को इलाज या जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्रों या अस्पताल के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

इस एंबुलेंस में जांच से लेकर मरीज को दवाइयां तक दी जाएगी। मोबाइल मेडिकल यूनिट एंबुलेंस में चालक के साथ चिकित्सक, लैब तकनीशियन व फार्मासिस्ट रहेंगें। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उनके घर तक पहुंचाना है। ताकि कोई व्यक्ति इलाज से वंचित न रहे। इसके माध्यम से स्लम एरिया के लोगों, श्रमिक या बेघर प्रवासियों को चिकित्सीय एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाया जाएगा। यह यूनिट जरूरतमंद लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ-साथ उन्हें दवा भी उपलब्ध कराएगी। जिससे सभी को स्वास्थ्य सुविधा मिल पाएगी। एंबुलेंस लोकार्पण के कार्यक्रम में बतौर अतिथि कोरबा महापौर राजकिशोर प्रसाद, इंडियन मेडिकल एसोसियेसन के अध्यक्ष डा. एचआर प्रसाद, क्विक हिल फाउंडेशन पूणे की चेयर पर्सन अनुपमा काटकर की उपस्थिति रही। सभी का छत्तीसगढ़ के पारंपारिक तौर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मनीष शर्मा, स्थानीय पार्षद शैलेंद्र सिंह, सेवा भारती कोरबा के अध्यक्ष डा. विशाल उपाध्याय सचिव सुनील जैन अभिषेक शर्मा उमेश सोनी ज्योति बुटोलिया सहित अन्य सदस्य व कोरबा के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

एंबुलेंस की पूजा करते सेवा भारती की सदस्य ● **नईदुनिया**

एक शिशु को मिो माता पिता

मातृछाया में पल रही बच्ची को अपना घर मिला। नि:संतान दंपत्ति ने नियमों के अनुरूप उसे गोद लिया। खुशी के इस क्षण में वहां मौजूद हर किसी ने अब तक बेसहारा रहे शिशु को माता-पिता व परिवार का आश्रय मिलने पर संतोष जारी जाहिर किया और शिशु के उज्जवल एवं सुखी जीवन की कामना की। विधिवत गोद भराई की रस्म निभाते हुए अतिथियों ने दंपत्ति को शिशु सौंप दिया।